भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1121**
बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 / 22 अग्रहायण , 1945 (शक) को उत्तरार्थ

## सहकारिता के क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियाँ

1121# **श्री नीरज शेखरः**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वैकुण्ठ मेहता राष्ट्रीय सहकारिता प्रबंधन संस्थान, पुणे सहकारिता के क्षेत्र में शिक्षण एवं प्रशिक्षण के अलावा अनुसंधान तथा परामर्श संबंधी गतिविधियों पर भी केन्द्रित है; और

(ख) यदि हाँ, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान की गई अनुसंधान एवं परामर्श संबंधी गतिविधियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) और (ख): वर्ष 1967 में स्थापित वैमनीकॉम (वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान) सहकारिता के क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, अनुसंधान और परामर्श कार्य सक्रिय रूप से प्रदान कर रहा है तथा राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय सहकारी समितियों, केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के सहकारी विभागों, इत्यादि की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है ।

वैमनीकॉम सहकारी समितियों और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के कर्मियों को सक्रिय रूप से प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है । वर्ष 2019-20 और 2023-24 (नवंबर, 2023 तक) के मध्य, 444 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सहकारी क्षेत्र के 16,647 प्रतिभागियों को तथा 193 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकार, इत्यादि के 11,337 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है ।

वैमनीकॉम में अनुसंधान और प्रकाशन केंद्र नामक एक अनुसंधान केंद्र है, जोकि विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन करता है जो नीति पक्ष-समर्थन, प्रशिक्षण और शिक्षण हेतु पृष्ठभूमि सामग्री के रूप में काम करता है । विगत तीन वर्षों में, वैमनीकॉम ने 17 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी की और 17 वर्किंग पेपर प्रकाशित किए ।

वैमनीकॉम सहकारी समितियों के विभिन्न सेक्टर जैसे बैंकिंग, चीनी और डेयरी, इत्यादि के लिए परामर्शी सेवाएं प्रदान करता है । विगत तीन वर्षों में, उसने 26 परामर्शी परियोजनाएं संचालित की हैं।

*****